# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
बन्धौआ रोड फौजी कॉलोनी मसेनी निकट विकास मैरिज लॉन,
फतेहगढ़ फर्रुखाबाद–209601
Email ID- ceupjnrfarrukhabad@gmail.com


पत्रांक 4895 / कार्य-09 / 170 दिनांक 1-8-2026

**सेवा में,**

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषयः—ई—पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "कायमगंज के त्योरखास में न टंकी बनी, न घरों तक पहुंचा पानी" के सम्बन्ध में।**

**महोदया,**

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर के अंक में प्रकाशित खबर **"कायमगंज के त्योरखास में न टंकी बनी, न घरों तक पहुंचा पानी"** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि वर्तमान में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत पेयजल योजना के निर्माण कार्य कराये जा रहे है ग्राम त्योरखास विकासखण्ड—कायमगंज में उच्च जलाशय 25 प्रतिशत पूर्ण, 8699 मी0 प्रस्तावित वितरण प्रणाली के सापेक्ष 8372 मी0 वितरण प्रणाली पूर्ण, 661 नग प्रस्तावित गृहसंयोजन के सापेक्ष 207 नग गृहसंयोजन दिये गये है तथा पेयजल योजना के 01 मजरे में जलापूर्ति की जा रही है।

अतः उक्त ग्राम में वितरण प्रणाली बिछाई जाने के दौरान तोड़ी/काटी गई सड़को की मरम्मत का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने तथा समस्त ग्राम में अवशष कार्यो को पूर्ण करने एवं समस्त ग्राम में नियमित जलापूर्ति सुचारू करन हेतु कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया गया है।

**आख्या सादर प्रेषित।**
**संलग्नकः— उपरोक्तानुसार ।**

**भवदीय,**

**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि—**
**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—**

1. मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।

**अधिशासी अभियन्ता**



Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
बन्धौआ रोड फौजी कॉलोनी मसेनी निकट विकास मैरिज लॉन,
फतेहगढ़ फर्रूखाबाद–209601
Email ID- eeupjnrfarrukhabad@gmail.com


पत्रांक 4895 / कार्य-09 / 170 दिनांक 01-08-26

**सेवा में,**

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषयः–ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "कायमगंज के त्योरखास में न टंकी बनी, न घरों तक पहुंचा पानी" के सम्बन्ध में।**

**महोदया,**

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर के अंक में प्रकाशित खबर **"कायमगंज के त्योरखास में न टंकी बनी, न घरों तक पहुंचा पानी"** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि वर्तमान में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत पेयजल योजना के निर्माण कार्य कराये जा रहे है ग्राम त्योरखास विकासखण्ड–कायमगंज में उच्च जलाशय 25 प्रतिशत पूर्ण, 8699 मी0 प्रस्तावित वितरण प्रणाली के सापेक्ष 8372 मी0 वितरण प्रणाली पूर्ण, 661 नग प्रस्तावित गृहसंयोजन के सापेक्ष 207 नग गृहसंयोजन दिये गये है तथा पेयजल योजना के 01 मजरे में जलापूर्ति की जा रही है।

अतः उक्त ग्राम में वितरण प्रणाली बिछाई जाने के दौरान तोड़ी/काटी गई सड़को की मरम्मत का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने तथा समस्त ग्राम में अवशष कार्यो को पूर्ण करने एवं समस्त ग्राम में नियमित जलापूर्ति सुचारू करन हेतु कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया गया है।

**आख्या सादर प्रेषित।**
**संलग्नकः– उपरोक्तानुसार ।**

**भवदीय,**

**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि–**
**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।

**अधिशासी अभियन्ता**

d/letter EE 2

Scanned with OKEN Scanner

# जल जीवन मिशन योजना 4 साल बाद भी अधूरी: कायमगंज के त्योरखास में न टंकी बनी, न घरों तक पहुंचा पानी

ओम शक्ति | पट्टी मदारी( कायमगंज), फर्रुखाबाद
3 दिन पहले



केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना फर्रुखाबाद के कायमगंज विकासखंड की ग्राम पंचायत त्योरखास में चार साल बाद भी पूरी नहीं हो सकी है। वर्ष 2022-23 में शुरू हुआ ओवरहेड पानी की टंकी का निर्माण आज तक अधूरा है, जिसके कारण गांव के लोगों को अब तक घर-घर नल से जल उपलब्ध नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने बताया कि योजना के तहत गांव में पाइपलाइन तो बिछा दी गई है और कई घरों में नल कनेक्शन भी दिए गए हैं। हालांकि, जलापूर्ति शुरू न होने के कारण ये सभी नल केवल शोपीस बनकर रह गए हैं। दीपू, सुल्तान, शुहैल खान, जय-जय राम, रमन दुबे और केशव नंदन राठौर जैसे ग्रामीणों ने अपनी परेशानी साझा की। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि पाइपलाइन डालने के दौरान गांव की कई गलियों को खोद दिया गया था। निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने से इन गलियों की मरम्मत भी नहीं कराई गई है। इससे राहगीरों और स्थानीय निवासियों को प्रतिदिन आवागमन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से इस संबंध में शिकायत की है। हालांकि, उनकी समस्या के समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उनका कहना है कि अधिकारियों द्वारा निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए जाने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने जोर देकर कहा कि जब तक पानी की टंकी का निर्माण पूरा कर नियमित जलापूर्ति शुरू नहीं की जाती, तब तक 'हर घर नल, हर घर जल' का उद्देश्य अधूरा ही रहेगा। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए, नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए और पाइपलाइन बिछाने के दौरान खोदी गई सभी गलियों की मरम्मत भी कराई जाए।

Scanned with OKEN Scanner